पीलिया संभावित क्षेत्रो का दौरा किया गया

भिलाईनगर। जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड 30 प्रगति नगर तेलगु मोहल्ला, ताट पटटी मोहल्ला में पीलिया की संभावित शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार अधिकारियो का दौरा संबंधित क्षेत्रो में किया गया। जल शुद्विकरण हेतु 75 घरो में 1000 क्लोरिन टेबलेट घर—घर वितरण एवं पानी को उबालकर ठण्डा कर पीने की सलाह दी गई। नालियो की समुचित सफाई कराकर सफाई उपरांत आस—पास चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर के मिश्रण का छिड़काव किया गया। प्रत्येक घरो में गृह भेंट के दौरान मच्छर जनित रोग नियंत्रण हेतु मच्छर, लार्वा, श्रोतो जैसे— कुलर टंकी, कन्टेनर वगैरा की जॉच की गई। सभी कुलरो में मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु टेमिफास का छिड़काव एवं व्यस्क मच्छरो के नियंत्रण हेतु मैलाथियान दवाई का छिड़काव किया गया। निगम की विशेष दस्ता एवं जोन की कॉम्बेक्ट टीम द्वारा संयुक्त रूप से 59 घरो में 249 सदस्यो से व्यक्तिसः संपर्क कर आवश्यक पुछताछ की गई। जिसमें पीलिया से प्रभावित नया केस नहीं पाया गया। प्रायः देखने में आया है, कि पानी सप्लाई वाले पाईप से लोग चोरी छिपे कनेक्शन ले लेते है, वहां पानी सीपेज होने के कारण जलजनित पीलिया, उल्टी—दस्त जैसे बिमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है। जलजनित बिमारियों का संक्रमण न हो आस—पास के क्षेत्रो से पानी का सेंपल लिया गया, सेंपल को जॉच हेतु लैबोरेटरी में भेजा गया है। पीलिया रोग दुषित खाना खाने, दुषित पानी पीने से ही होता है। सब को समझाइस दी गई कि ताजा एवं घर के भोजन खाये, पानी उबालकर पीये, किसी प्रकार की शारीरिक तकलीफ होने पर शासकीय चिकित्सालय में संपर्क करें। सर्वे के दौरान अभियंता नितेश मेश्राम, बसंत साहू, शंकर मरकाम, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव, सामाजिक कार्यकता डी पोलम्मा द्वारा अपने साथियो के साथ घर—घर जाकर समझाइस दी गई।